जैकेट के शेष

हाय महंगाई...छत्तीसगढ़ में ...

के मुकाबले ग्रामीण क्षेत्र में महंगाई अधिक बढ़ी है। यानी इसका बोझ गांवों में रहने वालों पर अधिक हुआ है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने 12 अक्टूबर को सितंबर के महंगाई संबंधी आंकड़े जारी किए। रिपोर्ट के अनुसार, देश में ग्रामीण महंगाई दर 6.08 प्रतिशत और शहरी महंगाई दर 4.88 प्रतिशत रही। छत्तीसगढ़ में ग्रामीण क्षेत्रों की महंगाई दर 5.56 प्रतिशत, जबकि शहरी क्षेत्रों में 3.92 प्रतिशत दर्ज की गई।

रेलवे कर्मियों को दिवाली का...

कर्मचारियों को रेलवे के प्रदर्शन में सुधार के लिए काम करने को प्रोत्साहित करता है। सरकार ने कहा, प्रत्येक पात्र रेल कर्मचारी को 78 दिन के लिए अधिकतम 17,951 रुपए का भुगतान किया जाएगा। यह राशि रेलवे के विभिन्न श्रेणियों के कर्मचारियों को दी जाएगी। इनमें ट्रैक मेंटेनर, लोको पायलट, ट्रेन मैनेजर (गार्ड), स्टेशन मास्टर, पर्यवेक्षक, तकनीशियन, तकनीशियन सहायक, पॉइंट्समैन, मंत्रालयी कर्मचारी और समूह 'सी' के अन्य कर्मचारी शामिल हैं। सरकार ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 में रेलवे का प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा। रेलवे ने रिकॉर्ड 167 करोड़ टन माल की ढुलाई की। इस दौरान रेल यात्रियों की संख्या भी अच्छी-खासी रही।

इन रेलकर्मियों को मिलेंगे 17,951 रुपए : प्रत्येक रेलकर्मियों के लिए बोनस की अधिकतम राशि 78 दिनों के लिए 17,951 रुपए है। ये राशि रेलवे कर्मचारियों की विभिन्न श्रेणियों के कर्मियों को दी जाएगी। इन कर्मचारियों में स्टेशन मास्टर, ट्रैक मेंटेनर, लोको पायलट, ट्रेन मैनेजर (गार्ड), सुपरवाइजर, टेक्नीशियन, टेक्नीशियन हेल्पर, पॉइंट्समैन, रेल मंत्रालय के स्टाफ और अन्य ग्रुप 'सी' कर्मचारी शामिल हैं।

दिव्यांगों को जन्म से पेंशन : दिव्यांगों की पेंशन नियमों में भी बदलाव को मंजूरी दी गई है। इसके तहत अब दिव्यांगों को 18 साल की बजाय जन्म से पेंशन मिलेगी। कैबिनेट ने राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम को अगले पांच साल तक जारी रखने का फैसला भी लिया है। नई व्यवस्था में पेंशन के लिए बेंचमार्क दिव्यांगता की सीमा 80% से घटाकर 40% कर दी गई है। इससे पात्रता की शर्तें पूरी करने वाले अधिक दिव्यांग लोग योजना के दायरे में आ सकेंगे। इसके तहत 0 से 79 साल की उम्र तक 375 प्रति माह और 80 साल या उससे अधिक उम्र वाले को 625 प्रति माह दिए जाएंगे।

आईडीबीआई बैंक में ...

इस सौदे के पूरा होने पर हमारी अर्थव्यवस्था में वित्तीय क्षेत्र में अबतक का सबसे सबसे बड़ा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश होगा। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भी संवाददाताओं को आईडीबीआई बैंक के रणनीतिक पुनर्गठन पर मंत्रिमंडल के फैसले की जानकारी दी। इस रणनीतिक पुनर्गठन के बाद आईडीबीआई बैंक में भारत सरकार की 15 प्रतिशत और एलआईसी की 19 प्रतिशत रह जाएगी। सरकार और भारतीय जीवन बीमा निगम की संयुक्त रूप से 60.72 प्रतिशत हिस्सेदारी की प्रस्तावित बिक्री से बैंक का नियंत्रण फेयरफैक्स के पास चला जाएगा। हालांकि, यह सौदा पूरा होने और आवश्यक नियामकीय मंजूरियां मिलने पर निर्भर करेगा। सरकार ने बयान में कहा, मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने इस सौदे के लिए मेसर्स 10955230 कनाडा इंक (मूल कंपनी मेसर्स फेयरफैक्स फाइनेंशियल होल्डिंग्स लिमिटेड) को रणनीतिक खरीदार के रूप में मंजूरी दी है। कंपनी 52,877.08 करोड़ रुपये के खरीद मूल्य पर आईडीबीआई बैंक में 60.72 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी।

183 करोड़ का घोटाला...

रूप में लेने के उन्हें साक्ष्य मिले हैं। जांच एजेंसी ने प्रवर्तन निदेशालय से प्राप्त प्रतिवेदन के सत्यापन के बाद पांच अक्टूबर 2024 को अपराध पंजीबद्ध किया था। प्रकरण में नवीन प्रताप सिंह तोमर, अनवर ढेबर, मैनपावर एजेंसियों के संचालकों और अन्य संबंधित व्यक्तियों सहित 12 आरोपियों के खिलाफ 18 मई 2026 को प्रथम चालान प्रस्तुत किया जा चुका है। आगे की विवेचना में अरुणपति त्रिपाठी और बीआर लोहिया की संलिप्तता के साक्ष्य मिलने पर उनके खिलाफ पूरक चालान पेश किया गया है।

नियम, शर्तों में परिवर्तन : अरुणपति त्रिपाठी नौ मई 2019 से 13 मई 203 तक सीएमसीएल का एमडी रहा। उसके पास निगम के प्रशासनिक और वित्तीय कार्यों, निविदा तथा मैनपावर एजेंसियों के देयकों को अनुमोदित करने के अधिकार थे। जांच में पाया गया कि अनवर ढेबर के कहने पर उसने निविदा की शर्तों में परिवर्तन कराया और कर्मचारियों के नाम पर अतिरिक्त भुगतान कराकर उसका हिस्सा कमीशन के रूप में लेने की व्यवस्था लागू कराई।

प्रति माह 70 से 80 लाख कमीशन : एजेंसियों से नकद कमीशन एकत्र कर अरुणपति त्रिपाठी तक पहुंचाने का काम सिद्धार्थ सिंघानिया करता था। उसने अपने कथन में बताया कि सभी एजेंसियों से मिलाकर लगभग 70 से 80 लाख रुपए प्रतिमाह कमीशन आता था। अक्टूबर 2019 से मार्च 2023 के बीच अकेले सुमीत फैसिलिटीज की ओर से लगभग 15.65 करोड़ रुपए दिए गए थे। विवेचना में अरुणपति त्रिपाठी द्वारा अपने कार्यकाल में मैनपावर एजेंसियों से 28 से 32 करोड़ रुपए नकद कमीशन प्राप्त कर अनवर ढेबर तक पहुंचाने के साक्ष्य मिले हैं। उसके कार्यकाल के बाद भी नवीन प्रताप सिंह तोमर के माध्यम से कमीशन वसूली जारी रही। इस दौरान सेवा शुल्क और ओवरटाइम की राशि पर कमीशन की दर बढ़ाकर एक-तिहाई किए जाने का विवरण भी प्राप्त हुआ है। अरुणपति त्रिपाठी के हिस्से की अवैध रकम में से लगभग 3 करोड़ रुपये ईडी ने जप्त किए हैं।

लोहिया के निर्देश पर बंटती थी कमीशन की राशि : बीआर लोहिया ईगल हंटर सॉल्यूशन लिमिटेड का संस्थापक था। अलर्ट कमांडोज प्राइवेट लिमिटेड भी इसी समूह की कंपनी थी। कंपनी की ओर से अधिकारियों को नकद कमीशन भी लोहिया के निर्देश पर दिया जाता था। देयक तैयार कराने से लेकर कमीशन की रकम की व्यवस्था और उसके भुगतान में उनकी भूमिका पाई गई है। कंपनी के कर्मचारी कमीशन की राशि 28.80 लाख रुपए पहुंचाने जा रहे थे, तभी प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई में उस रकम की जब्ती हुई।

मतदाताओं की शिकायतें सुनेगा लोकुर आयोग

एसआईआर पर पूर्व न्यायाधीशों का स्वतंत्र आयोग आज से शुरू करेगा जनसुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर मतदाताओं की शिकायतों, प्रक्रिया की वैधानिकता और पात्र नागरिकों के मतदान अधिकारों पर पड़ने वाले प्रभाव की जांच के लिए गठित पूर्व न्यायाधीशों का स्वतंत्र आयोग गुरुवार, 15 अक्टूबर से जनसुनवाई शुरू करेगा। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस मदन बी. लोकुर की अध्यक्षता वाला यह आयोग पहली सुनवाई नई दिल्ली स्थित जवाहर भवन में करेगा। सुनवाई सुबह 9 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक निर्धारित है। यह देशभर में प्रस्तावित जनसुनवाइयों की पहली कड़ी होगी।आयोग ने भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) को औपचारिक नोटिस जारी कर जनसुनवाई में शामिल होने के लिए एक वरिष्ठ अधिकारी को नामित करने का आमंत्रण दिया है। आयोग का लक्ष्य दिसंबर 2026 तक अपनी जांच पूरी कर अंतिम रिपोर्ट सार्वजनिक करना है।

लॉयर्स एसोसिएशन फॉर कॉन्स्टिट्यूशन (एलएएफसी) की पहल पर गठित पांच सदस्यीय आयोग का उद्देश्य एसआईआर प्रक्रिया से प्रभावित मतदाताओं की शिकायतों और उनके अनुभवों को दर्ज करना है। आयोग यह भी जांच करेगा कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण की प्रक्रिया संवैधानिक और कानूनी प्रावधानों के अनुरूप रही या नहीं तथा इस दौरान पात्र मतदाताओं के नाम सूची में बनाए रखने और अपात्र प्रविष्टियों को हटाने के लिए क्या प्रक्रिया अपनाई गई।

देशभर में होंगी जनसुनवाई : एलएएफसी की ओर से घोषित योजना के अनुसार, आयोग पूर्ण पीठ और क्षेत्रीय पीठों के माध्यम से देश के विभिन्न हिस्सों में जनसुनवाई करेगा। इसमें एसआईआर से प्रभावित मतदाताओं, नागरिक समाज संगठनों और विशेषज्ञों के बयान दर्ज किए जाएंगे। आयोग के समक्ष आने वाली शिकायतों के साथ मतदाता सूची में नाम जोड़ने और हटाने से जुड़े आंकड़ों का भी अध्ययन किया जाएगा।

आयोग में कौन-कौन शामिल


जस्टिस मदन बी. लोकुर आयोग के अध्यक्ष हैं। इसके अन्य सदस्यों में सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस ए.के. पटनायक, जम्मू-कश्मीर हाईकोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बदर दुर्रेज अहमद, दिल्ली हाईकोर्ट की पूर्व न्यायाधीश जस्टिस रेखा शर्मा और पटना हाईकोर्ट की पूर्व न्यायाधीश जस्टिस अंजना प्रकाश शामिल हैं।

कई वरिष्ठ वकील देंगे कानूनी सहयोग : आयोग को कानूनी और रणनीतिक सलाह देने के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल, प्रशांत भूषण, चंदर उदय सिंह, प्रशांतो चंद्र सेन और राजू रामचंद्रन सहित कई वरिष्ठ वकीलों के सहयोग की जानकारी दी गई है। अधिवक्ता रेबेका मैमन जॉन, वारिशा फरासत और वृंदा ग्रोवर भी इस प्रक्रिया में कानूनी सहायता उपलब्ध कराएंगे।

चुनाव आयोग पर भड़का सुप्रीम कोर्ट

वीडियो रिकॉर्डिंग तो देनी ही पड़ेगी, बहाने बर्दाश्त नहीं करेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) को इस बात के लिए कड़ी फटकार लगाई कि वह 2023 के कर्नाटक विधानसभा चुनावों में श्रृंगेरी विधानसभा क्षेत्र में वोटों की गिनती की वीडियो रिकॉर्डिंग नहीं ढूंढ पा रहा है। कोर्ट कांग्रेस नेता टीडी राजेगौड़ा और भाजपा उम्मीदवार डीएन जीवराज के बीच चुनावी विवाद से जुड़े मामले की सुनवाई कर रहा था। राजेगौड़ा ने 2023 में श्रृंगेरी विधानसभा क्षेत्र से 201 वोटों के मामूली अंतर से विधानसभा चुनाव जीता था लेकिन वोटों की दोबारा गिनती में जीवराज को ज्यादा वोट मिलने के बाद कांग्रेस उम्मीदवार को हटा दिया गया था। मई में शीर्ष अदालत ने राजेगौड़ा को राहत देते हुए निर्देश दिया था कि जब तक उनकी याचिका पर सुनवाई पूरी नहीं हो जाती तब तक वह विधानसभा सदस्य बने रहेंगे। इसी याचिका पर आज, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस संजीव सचदेवा की बेंच ने उस बात पर हैरानी जताई जब ईसीआई ने कहा कि वह 2023 में हुई वोटों की गिनती की वीडियो रिकॉर्डिंग नहीं ढूंढ पा रहा है।

पेज एक के शेष

राजिम की गुफावाली...

श्रद्धालु दर्शन और साधना के लिए पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं को झुककर और लेटकर संकरी जगह से होते हुए कुछ सीढ़ियां पार करनी पड़ती हैं, जिसके बाद मां के दर्शन होते हैं। मंदिर के महामंडप में पश्चिम दिशा की ओर स्थित गुफा का प्रवेश द्वार पूर्वाभिमुख है। दो खंभों के मध्य स्थित गर्भगृह में मां श्मशान काली की प्रतिमा अपने प्रचंड रौद्र रूप में विराजमान है। प्रतिमा में मां के चरणों के नीचे भगवान शिव दिखाई देते हैं। समीप ही श्री गणेश जी और नागिन की आकृतियां भी उकेरी गई हैं। गुफा का संकरा प्रवेश और भीतर का वातावरण इस स्थान को अन्य मंदिरों से अलग पहचान देता है। मंदिर के पुजारी अखिलेशपुरी गोस्वामी के अनुसार महानदी के किनारे 1939 में परिनीतानंद जी महाराज ने संस्कृत विद्यापीठ की शुरुआत की थी। बताया जाता है कि हरिद्वार के परमार्थ निकेतन से जुड़े परिनीतानंद महाराज ने यहां मां श्मशान काली की स्थापना की थी। उस समय यह स्थान समतल था। बाद में गुफा के भीतर मां की प्रतिमा स्थापित होने के साथ यह स्थल विशिष्ट साधना केंद्र के रूप में प्रसिद्ध हुआ। गुफावाली श्मशान काली को भक्त स्वप्नवती मां के नाम से भी जानते हैं। मान्यता है कि मां स्वप्न में दर्शन देकर भक्तों को अपने दरबार तक बुलाती हैं। क्वांर नवरात्रि में विशेष अनुष्ठान किए जाने की परंपरा है। पुजारी अखिलेशपुरी गोस्वामी के अनुसार, गुफावाली श्मशान काली की प्रतिमा पहले रौद्र स्वरूप में थी, लेकिन निरंतर पूजा-अर्चना के बाद अब बालिका के सौम्य स्वरूप में दिखाई देती है। यहां मां यक्ष-यक्षिणी, योगिनी, वीरभद्र, कालभैरव, दक्षिणमुखी हनुमान और बाल स्वरूप नंदी भी विराजमान हैं।

गढ़रीवा के चंडिका. मंदिर में राजा...

जिसमें भक्त लंगुरे, मां चंडिका, मां आदिशक्ति, मां महामाया और काल भैरव विराजमान हैं। इसलिए इसे पंचमूर्ति चंडिका सिद्धपीठ कहा जाता है। मंदिर से लगा 75 एकड़ का बंधुआ तालाब चर्म रोग, विशेषकर सफेद दाग के निवारण के लिए प्रसिद्ध है। मान्यता है कि सात रविवार तक श्रद्धापूर्वक स्नान कर माता चंडिका का दर्शन करने से चर्म रोग से मुक्ति मिलती है, इसलिए दूर-दूर से श्रद्धालु यहां आते हैं। वहीं कुंवार और चैत्र नवरात्र में यहां सैकड़ों मनोकामना ज्योतियां प्रज्वलित होती हैं। फिलहाल माता के मंदिर का ग्रामीणों द्वारा जीर्णोद्धार कराया जा रहा है। ग्रामीण जनसहयोग से मंदिर को भव्य रूप देने के प्रयास में जुटे हुए हैं। ग्रामीणों के अनुसार इस मंदिर के निर्माण में करीब 60 लाख रुपए की लागत आने का अनुमान है। मंदिर समिति के अनुसार मंदिर का इतिहास हजारों वर्ष पुराना है।

भारत-जिम्बाब्वे मैच में ...

आमंत्रित किया। सीएम ने कहा, पहली बार अंतरराष्ट्रीय महिला क्रिकेट मैच का आयोजन होना प्रदेश की खेल यात्रा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है। देश और दुनिया की श्रेष्ठ महिला क्रिकेट खिलाड़ियों को छत्तीसगढ़ की धरती पर खेलते देखना विशेष रूप से हमारी बेटियों और युवा महिला खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायी अनुभव होगा। ऐसे आयोजनों से उनमें यह विश्वास और मजबूत होगा कि उचित अवसर, प्रशिक्षण और प्रोत्साहन मिलने पर वे भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश और देश का नाम रोशन कर सकती हैं। उन्होंने मैच देखने महिलाओं के लिए प्रवेश मुक्त करने का सुझाव भी दिया, जिसे संघ ने मान लिया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के अध्यक्ष मोहन दास, डायरेक्टर विजय शाह, पूर्व अध्यक्ष मुकुल तिवारी, सचिव विंटेश अग्रवाल,जीएस. मूर्ति, विनय बजाज सहित संघ के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

खेल संस्कृति विकसित...

मजबूत खेल संस्कृति विकसित करना है, जिसमें बच्चों और युवाओं को खेलों से जुड़ने के लिए परिवार और समाज से भी प्रोत्साहन मिले। महिला खिलाड़ियों के मुकाबलों को देखने के लिए अधिक से अधिक महिलाओं और बालिकाओं को स्टेडियम तक लाना प्रेरणा का माध्यम बनेगा। जब हमारी बेटियां अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को मैदान पर आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धा के साथ खेलते देखेंगी, तो उनमें भी खेलों को अपने भविष्य और करियर के रूप में अपनाने का उत्साह बढ़ेगा।

'नीला ड्रम' हत्याकांड मामले...

के जरिये अदालत के समक्ष पेश हुए, जिसके बाद सजा पर बहस और दोषियों को अपना पक्ष रखने का अवसर देने के लिए सुनवाई हुई। चौबे ने बताया कि सुनवाई के दौरान न्यायाधीश ने दोनों से पूछा कि वे सजा के संबंध में कुछ कहना चाहते हैं या नहीं। जेल प्रशासन के मुताबिक, मुस्कान और साहिल को अलग-अलग पेश किया गया और दोनों ने अपना पक्ष रखा। वरिष्ठ जेल अधीक्षक वीरेश राज शर्मा ने बताया कि सुनवाई संक्षिप्त रही। उन्होंने बताया कि अदालत ने दोनों से विभिन्न बिंदुओं पर सवाल किए, जिनमें फॉरेंसिक रिपोर्ट से जुड़े सवाल भी शामिल थे। हालांकि, उन्होंने सवालों का विस्तृत ब्योरा साझा करने से इनकार किया। अभियोजन के मुताबिक, सौरभ राजपूत की हत्या मार्च 2025 में की गई थी। आरोप था कि मुस्कान ने अपने प्रेमी साहिल के साथ मिलकर पति की हत्या की और शव के टुकड़े कर उन्हें नीले ड्रम में डालकर उसे सीमेंट से सील कर दिया था। मामला सामने आने के बाद पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार किया था। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने अदालत में गवाह और साक्ष्य पेश किए और करीब 126 तारीखों तक चली सुनवाई के बाद अदालत ने 30 सितंबर को दोनों को दोषी ठहराया था।

राशिफल

मेष – किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। सन्तान के स्वास्थ्य में सुधार होगा। मानसिक शान्ति रहेगी। शिक्षा में व्यवधान आ सकते हैं।

वृष – अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी महिला से धन की प्राप्ति हो सकती है। मन में नकारात्मक विचारों का प्रभाव हो सकता है।

मिथुन – चिकित्सीय खर्च और भवन के मरम्मत पर खर्च बढ़ सकते हैं। वाणी में कठोरता रहेगी। वाणी का प्रभाव भी बढ़ेगा। समाज में मान-सम्मान मिलेगा।

कर्क – मन में निराशा एवं असन्तोष रहेगा। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

सिंह – न परेशान रहेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव बढ़ सकता है। आत्मविश्वास रहेगा। भवन सुख में वृद्धि हो सकती है। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं।

कन्या – शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा, परन्तु स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें। आत्मविश्वास बढ़ेगा। मन में शान्ति का प्रभाव रहेगा। धैर्यशीलता में कमी रहेगी।

तुला – बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। आय के स्रोत भी विकसित होंगे। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। भवन सुख में वृद्धि हो सकती है।

वृश्चिक – शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। कारोबार की स्थिति मजबूत होगी।

धनु – वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता रहेगी। नौकरी में बदलाव की स्थिति बन रही है। भाई-बहनों का सानिध्य एवं सहयोग मिलेगा।

मकर – शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कारोबार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। किसी मित्र के सहयोग से किसी सम्पत्ति में निवेश कर सकते हैं।

कुंभ – नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा। क परिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। क्रोध एवं आवेश की अधिकता रहेगी।

मीन – परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार रहेंगे। चिकित्सीय खर्च बढ़ेंगे।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
केयरटेकर सेवाओं की आउटसोर्सिंग हेतु निविदा सूचना
क्रमं (1) निविदा सं.: एसईसीआरएचक्यूजी-टीएमआरएच-2026, दिनांक: 26.09.2026
कार्य का नाम : दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर, नागपुर एवं बिलासपुर मंडलों में ट्रैक मशीन विश्राम गृहों हेतु 02 (दो) वर्ष की अवधि के लिए केयरटेकर सेवाओं (निगरानी एवं सुरक्षा) की आउटसोर्सिंग।
निविदा मूल्य: ₹ 1,45,04,696.64।
निविदा बंद होने की तिथि और समय: 21.10.2026 को 11.00 बजे।
निविदा सूचना और निविदा दस्तावेजों की पूरी जानकारी हेतु निविदाकर्ता www.ireps.gov.in वेबसाइट पर लॉगिन कर सकते हैं। ईनिविदा के-विरुद्ध मैन्युअल निविदाएं पर विचार नहीं किया जाएगा।
कार्यपालन इंजीनियर/टी.एम./मुख्या.
सीपीआर/10/437 द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर
South East Central Railway @secrail

सेन्ट्रल पी. एण्ड टी. वर्कर्स थ्रिफ्ट को-आप. सो.लि.
(पंजीयन क्रमांक - MSCS/CR/1096/2014)
कार्यालय - शॉप नं. 1, विवेकानंद नगर, शापिंग काम्पलेक्स, पोस्ट ऑफिस के पास, रायपुर (छ.ग.) Mo. 7247334747
रायपुर, दिनांक 09.10.2026
आम सभा की सूचना
संस्था के सभी सम्मानीय सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक आमसभा रविवार दिनांक 25-10-2026 को प्रातः 10 बजे ठाकुर मैरिज पैलेस, रिंग रोड नं. 1, वालफोर्ट सिटी एवं ... में आयोजित की गई है।
कार्य विवरण
1. अध्यक्षीय प्रतिवेदन एवं कार्यकारिणी बैठक, विवरण की पुष्टि।
2. वर्ष 2025-26 लेखा का प्रस्तुतिकरण एवं अनुमोदन।
3. वर्ष 2026-27 के अनुमानित आय व्यय का अनुमोदन।
4. वर्ष 2025-26 लाभांश वितरण हेतु चर्चा अनुमोदन।
5. ऑडिट हेतु चार्टर्ड एकाउंटेंट पैनल की स्वीकृति।
6. संस्था के नये भवन संबंधी न्यायालयीन प्रक्रिया की जानकारी।
7. अन्य विषय अध्यक्ष की अनुमति से।
लक्ष्मीनारायण महतो
अध्यक्ष
सेन्ट्रल पी. एण्ड टी. वर्कर्स थ्रिफ्ट को-आप. सोसायटी लि. रायपुर
नोट : संस्था सदस्यों को दोपहर 1 बजे तक प्रवेश दिया जायेगा एवं संस्था के सदस्य नहीं होने पर प्रवेश वर्जित है।

कार्यालय नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)
द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना
क्र.02/न.पा.नि./उद्यान विभाग/2026-27 दिनांक 13/10/2026
नगर निगम बिलासपुर क्षेत्रांतर्गत उद्यानों एवं रोड डिवाईडर्स की रख-रखाव कार्य हेतु श्रमिक प्रदाय कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा जेम पोर्टल के माध्यम से आमंत्रण किया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

बिड संख्या	कार्य का नाम	अनुमानित राशि
GEM/2026/B/8153947	वित्तीय वर्ष 2026-27 नगर निगम बिलासपुर क्षेत्रांतर्गत उद्यानों एवं रोड डिवाईडर्स की रख-रखाव कार्य हेतु 53 श्रमिक प्रदाय कार्य।	8070649.00

उपरोक्त प्रदाय कार्य हेतु अन्य जानकारी https://gem.gov.in के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है।
उद्यान प्रभारी
Green City, Clean City, Dream City. नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)

pnb Housing Finance Limited Ghar Ki Baat
परिशिष्ट -IV-A - अचल संपत्ति/संपत्तियों की ई-नीलामी-सह-बिक्री सूचना
शा.का.-रायपुर: तीसरी मंजिल, नीलय आइकॉनिक, 28/620, शंकर नगर, रायपुर 492001, छत्तीसगढ़।
आम जनता को, और विशेष रूप से कॉलम संख्या-ए में उल्लिखित उधारकर्ता(ओं) और गारंटर(ओं) को ... रचनात्मक/भौतिक कब्जा (जैसा कि कॉलम संख्या-सी में वर्णित है) मेसर्स - पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस ... "जैसा है जहां है, जो है और जैसा भी उपलब्ध है" के आधार पर बेचा जाएगा। ... लिमिटेड/सुरक्षित ऋणदाता की वेबसाइट www.pnbhousing.com पर दिए गए लिंक को देखें।

ऋणधारक, जमानतदार /वैध उत्तराधिकारी ऋण संख्या के नाम (ए)	मांगी गई राशि और दिनांक (बी)	कब्जे की प्रकृति (सी)	गिरवी रखी गई संपत्ति का विवरण (डी)
HOU/RAI/1119/756998, अपर्णा रॉय/संजय शिब रॉय, शा.का.: रायपुर	रु. 37,55,484.09 एवं 15-01-2025	भौतिक कब्जा	फ्लैट नंबर 404, चौथी मंजिल, ... वार्ड संख्या 46, प.ह.नं. 45, रा.नि.मं. ... अमलीडीह रायपुर, रायपुर, छत्तीसगढ़ ...

स्थान: रायपुर दिनांक:- 15-10-2026 सही/- अधिकृत अधिकारी, पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई
प्रधानमंत्री आवास योजना
/प्र.मं.आ.यो. / 2026/1026/232 A भिलाई, दिनांक 12/10/2026
// निविदा संशोधन सूचना //
नगर पालिक निगम भिलाई के ऑनलाईन निविदा क्र.- 199923 Date 22.09.2026 आमंत्रित की गई थी, जिसमें समस्त कार्य विद्युत से संबंधित होने के कारण PWD इलेक्ट्रीकल पंजीयनयुक्त एजेंसी ही आवेदन कर सकते है तथा निम्न निविदा प्राप्ति की तिथियों में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है। निविदा के शेष नियम / शर्ते यथावत रहेंगे।

क्र.	विवरण	वर्तमान निविदा तिथि
1	Bid Due Date:-	21.10.2026 (05:30PM)
2	Physical Submission EMD End :-	23.10.2026 (05:30PM)
3	Bid Open Date Schedule:-	From 26.10.2026 (10:30 AM) to till now completion

कार्यपालन अभियंता
(प्रधानमंत्री आवास योजना) नगर पालिक निगम

न्यायालय, नायब तहसीलदार, भिलाई-03 के न्यायालय से मामला क्र. 202510103900002
मामले की श्रेणी - राजस्व
विषय - अ-19(3) सन - 2025-26,
जरवाय प.ह.नं. 00010
पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार- कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई-चरोदा
अनावेदक पक्षकार - छत्तीसगढ़ शासन
// ईश्तहार //
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक -कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई-चरोदा, जिला-दुर्ग (छ.ग.) के पत्र क्र./ 1224/ लो.नि.वि./ न.पा.नि./ 2025-26 भिलाई-चरोदा, दिनांक -16.09.2025 के माध्यम से निकाय क्षेत्रान्तर्गत स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 ठोस अपशिष्ट प्रबंधन अन्तर्गत Compost Plant निर्माण कार्य हेतु आवेदक संस्था ग्राम-जरवाय प.ह.नं. 10, रा.नि.मं. चरोदा, तह.-भिलाई-03, जिला- दुर्ग(छ.ग.) में स्थित दर्ज भूमि खसरा नं. 721 रकबा 1.950 हेक्ट. भूमि को आबंटित करवाने बाबत पत्र अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भिलाई-03 से इस न्यायालय को प्राप्त हुआ।
अतः उक्त प्रकरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को उजर दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होकर लिखित रूप में इस न्यायालय में नियत दिनांक 22.10.2026 तक दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 14.10.2026 को जारी किया जाता है।
"प्रकृति को क्षति न पहुँचाए, वृक्ष लगाए, पर्यावरण को शुद्ध बनाए"
नायब तहसीलदार
भिलाई-03,
जिला - दुर्ग (छ.ग.)

जबलपुर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड
निविदा आमंत्रण सूचना (एनआईटी)
"765 केवी डी/सी धरमजयगढ़-जबलपुर ट्रांसमिशन लाइन के AP 66/0 (T. No. 222) और AP 67/0 (T. No. 229) के बीच संशोधन/लाइन शिफ्टिंग कार्य निष्पादन के लिए, जिसमें चिन्हित स्पैन की डीस्ट्रिंगिंग, छह गैन्ट्री टावर्स की डिस्मेंटलिंग, आवश्यक सामग्रियों की सप्लाई, टावर फाउंडेशन और इरेक्शन गतिविधियां, स्ट्रिंगिंग/इंस्टॉलेशन गतिविधियां, सहयोगी सेवाएं, टेस्टिंग, कमिशनिंग और कार्य क्षेत्र में वर्णित कार्यों को पूरा करना शामिल है" के लिए।
जबलपुर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड द्वारा सिंगल स्टेज दो लिफाफे प्रक्रिया का पालन करते हुए 765 केवी डी/सी धरमजयगढ़ - जबलपुर ट्रांसमिशन लाइन के संशोधन/लाइन शिफ्टिंग कार्य के लिए बोलियां आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक बोलीकर्ता दिनांक 15.10.2026 से हमारी वेबसाइट www.indigrid.co.in पर उपलब्ध बोली कागजातों को देख तथा डाउनलोड कर सकते हैं।
इच्छुक पार्टियां अपनी बोलियां, बोली कागजात में दिए गए विवरण के अनुसार ₹10,000 (केवल दस हजार रुपए) की अप्रतिदेय फीस + 18% जीएसटी का भुगतान करके जमा करा सकते हैं, इस बारे में महत्त्वपूर्ण समय सीमाएं निम्न अनुसार हैं:

क्रम संख्या	प्रोजेक्ट का नाम	स्पष्टीकरण मांगने की अंतिम तिथि	बोली जमा करने की अंतिम तिथि	बोली खोलने की तिथि-पहला लिफाफा
1	765 केवी डी/सी धरमजयगढ़ - जबलपुर ट्रांसमिशन लाइन के संशोधन/लाइन शिफ्टिंग कार्य के लिए	21.10.2026	29.10.2026 को दोपहर 3.00 बजे (आईएसटी) तक	29.10.2026 को दोपहर 3.30 बजे (आईएसटी)

बोली कागजात से संबंधित सभी शुद्धिपत्र, परिशिष्ट, संशोधन, समय विस्तारीकरण आदि हमारी वेबसाइट www.indigrid.co.in पर डाले जाएंगे। बोलीकर्ताओं को ताजा स्थिति से अवगत रहने के लिए हमारी वेबसाइट्स पर नियमित रूप से विजिट करते रहना चाहिए।
जबलपुर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड
यूनिट नं. 101, पहली मंजिल, विंडसर, गांव कोलेकल्याण, ऑफ़ सीएसटी रोड, विद्यानगरी मार्ग, कलिना, सांताक्रुज़ (पूर्व), मुंबई - 400098
ईमेल: rtmtenders@indigrid.com, anuj.gupta@indigrid.com, rahul.kesarwani@indigrid.com

शब्द पहेली - 6378

बाएँ से दाएँ
1. मन मोहने वाला-5
5. प्रस्थान करना, रवानगी-5
9. राशिचक्र की दसवीं राशि-3
10. तेल में पकाना-3
11. प्रेम, प्यार-2
13. थोड़ा, ज़रा-2
14. मैं का बहुवचन-2
15. उम्मीद करना-5
18. धन, संपदा-2
19. पक्षियों की चहचहाट-4
20. अभिप्राय-4
21. सद्, अच्छा-2
22. दम, ताकत-2
23. प्रकाशवान-4
26. उसास-4
29. माईल, दूरी नापने की इकाई-2
30. क्रोधित होना-2,3
33. विदेशी शराब-2
34. झुका हुआ-2
35. भाग्य (अंग्रेजी-2)
36. आखेट मंच-3
38. खुजली-3
41. मनमोहकता-5
42. नाटक लिखने वाला-5

ऊपर से नीचे
1. आकर्षक, चित्ताकर्षक-5
2. वैक्स, मधुज-2
3. अधिकार-2
4. फिल्म 'मदर इंडिया' की नायिका-4
5. जागरण-4
6. दीवार (अंग्रेजी-2)
7. मां के पिता-2
8. असफल-5
12. गर्भ, कोख-3
13. करामात-3
15. खारिदारी-5
16. उद्देश्य-2
17. नामकरण-2,3
23. भूस्वामी-2,3
24. सही का विलोम-3
25. मृत्यु-2
27. इमामदस्ता-3
28. कांतिमान, चमकीला-5
31. उदारता, बड़प्पन-4
32. मालगोदाम-4
36. रत्न, नग-2
37. टी, चहा-2
39. याचिका, वाद (अंग्रेजी-2)
40. वहम, संदेह-2

शब्द पहेली -6377 का हल

सूडोकू नवताल - 6388

★★★ मध्यम

9		2		4	1	7		
1						6		
5	7	3	2				4	
				9	4	8		
4		7				9		6
		5	8	3				
	3				6	5	9	1
		6						7
		9	1	8		2		4

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

सूडोकू नवताल - 6387 का हल

5	4	9	1	8	3	2	6	7
1	2	6	4	9	7	3	5	8
3	8	7	5	2	6	1	4	9
8	7	1	3	4	2	9	6	5
9	5	3	6	1	8	7	2	4
2	6	4	7	5	9	8	1	3
4	3	5	2	7	1	6	9	8
6	9	2	8	3	4	5	7	1
7	1	8	9	6	5	4	3	2

© MANGAL SENACHA, BANGALORE